## जमीन विवाद में संघर्ष, 10 घायल

चोपड़ा, 4 जनवरी। उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा में जमीन विवाद को लेकर भाइयों के बीच हुए संघर्ष में दोनों पक्षों के 10 व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें चोपड़ा दालुया स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफेर कर दिया गया। चोपड़ा ब्लॉक के दासपाड़ा नायारगज इलाके में घटना को लेकर भारी तनाव देखा जा रहा है।

## रंगदारी न देने पर दुकानदार को टीएमसी कार्यकर्ताओं ने पीटा

कोलकाता, 04 जनवरी (हि. स.)। उत्तर 24 परगना जिले के कमरहटी इलाके में रंगदारी न देने पर दुकानदार एवं उसके परिवार से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना रविवार रात 17 नम्बर वार्ड इलाके की है। रंगदारी वसूली का आरोप तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पीड़ित गोविंद दास पकौड़ी की दुकान है। आरोप है कि 17 नम्बर वार्ड इलाके के तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता गुल्लू सिंह गोविंद से रंगदारी की मांग कर रहा था। रविवार को गोविंद के रंगदारी देने से इनकार करने पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उसे एवं उसके परिवार के सदस्यों को मारा-पीटा। आरोप है कि उसी समय भाजपा के एक कार्यकर्ता ने बचाव का प्रयास किया तो उसे भी बुरी तरह से पीटा गया है। स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने इस मामले को झूठा करार दिया है।

## कोलकाता के पर्यटक की लाश होटल में मिली

कोलकाता/मनाली, 4 जनवरी। जलपाईगुड़ी से मनाली घूमने आए एक पर्यटक की लाश निजी होटल में मिली है। मृतक 29 दिसंबर को अपने दोस्तों संग मनाली पंहुचा था। मृतक युवक की पहचान अरविन्द रॉय पुत्र अनिल चन्द्रा राय उम्र 26 वर्ष जलपाईगुड़ी के रुप में हुई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।बता दें कि हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात पर्यटन नगरी मनाली में मृतक युवक अपने तीन दोस्तों के साथ 29 दिसंबर को मनाली घूमने के लिए आया हुआ था और एक निजी होटल में ठहरा था।अधिक जानकारी देते हुए एसपी कुल्लू गौरव सिंह ने बताया कि मृतक युवक अपने दोस्तों के साथ 29 दिसम्बर को मनाली घूमने आया था। एक जनवरी को वह दोस्तों के साथ अटल टनल रोहतांग की ओर घूमने गया और शाम को जब पर्यटक होटल पहुंचा तो उसे उल्टी हुई और तबियत खराब हो गई। सुबह दोस्तों ने उसे ढूंढा तो मृतक युवक को बिस्तर पर बेहोश पाया और उसे मिशन अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नवीन मिश्रा का हालचाल पूछा



दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोमवार को भाजपा के नेता श्री नवीन मिश्र जिनकी पिछले दिनों हाथ की हड्डी टूट गई थी से मिलने झारखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और मिश्र के सहपाठी रहे डॉक्टर इरफान अंसारी एमएलए नर्सिंग होम में मिलने गए और श्री मिश्र के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता भी श्री मिश्र का हाल चाल पूछने आए थे।

## 2021 और संभावनाएं

कोलकाता, 4 जनवरी। धरोहर द्वारा आयोजित नव वर्ष की संभावनाओं पर अपनी बात रखते हुए इग्नू के प्राध्यापक, साहित्यकार एवं भारतीय वांग्मय पीठ के मंत्री शिव शंकर सिंह ने कहा कि यह वर्ष भारत के लिए अपार संभावनाओं से भरा है। भोजपुरी सिनेमा के प्रख्यात फिल्म निर्माता प्रेम रॉय ने कहा कि यह साल भोजपुरी सिनेमा के लिए अच्छा साबित होगा। गाजीपुर से वरिष्ठ कवि ने अपनी रचनाओं द्वारा नव वर्ष का स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हास्य व्यंग्य के लोकप्रिय कवि डॉ गिरधर रॉय ने विकास मार्ग की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए भारत के यश वृद्धि की संभावना को बल प्रदान किया। संयोजन और संचालन करते हुए संस्था के अध्यक्ष राश बिहारी गिरी ने सभी का अभिवादन और धन्यवाद ज्ञापन किया।

## केंद्र सरकार ने बंगाल की रेलवे परियोजनाओं को धन न देकर किया भेदभावः शशि पांजा

कोलकाता, 4 जनवरी (हि. स.)। राज्य की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डॉ. शशि पांजा ने केन्द्र सरकार पर पश्चिम बंगाल की रेलवे परियोजनाओं के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। पांजा सोमवार को तृणमूल भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं।

शशि पांजा ने कहा कि ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहते जो पश्चिम बंगाल के लिए रेलवे परियोजनाएं शुरू की थीं, अब केंद्र की भाजपा सरकार उन सभी परियोजनाओं के लिए पैसा नहीं दे रही है। कई परियोजनाओं को शुरू करने में भी अनावश्यक देरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के रूप में ममता बनर्जी के कार्यकाल में रेलवे का जो विकास हुआ था, वो अब पूरी तरह से रुक गया है। रेलवे की वित्तीय संरचना ध्वस्त हो गयी है। वर्तमान सरकार ने रेल बजट को खत्म कर दिया है और वह रेलवे को अब गैरसरकारी हाथों में दे रही है। पांजा ने कहा कि केंद्र ने राज्य में विभिन्न रेलवे परियोजनाओं के लिए पिछले कुछ वर्षों में थोड़ा पैसा आवंटित किया है। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को रेलवे की योजनाओं से से वंचित रखा है।

## 5 दिवसीय दौरे पर सिलीगुड़ी पहुंचे अभिषेक बनर्जी



चार दिवसीय दौरे पर सोमवार को सिलीगुड़ी पहुंचे अभिषेक बनर्जी।

सिलीगुड़ी, 4 जनवरी (हि.स.)। आल इंडिया तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी पांच दिवसीय दौरे पर सोमवार को सिलीगुड़ी पहुंचे। दोपहर को बागडोगरा हवाई अड्डा पहुंचने के बाद वे सड़क मार्ग से मल्लागुड़ी स्थित एक होटल के लिए रवाना हो गए। पार्टी सूत्रों के अनुसार अपने पांच दिवसीय दौरे के पहले दिन सोमवार को वे मिनी शाखा सचिवालय उत्तरकन्या में जिला पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक करेंगे। इसके अगले दिन मंगलवार को वे अलीपुरद्वार जिले के तोर्षा कालीबाड़ी मंदिर में पूजा करेंगे व सर्किट हाउस में एक आंतरिक बैठक में भाग लेंगे। बुधवार को जलपाईगुड़ी के जलपेश मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। तदोपरांत, चालसा स्थित एक होटल में आंतरिक बैठक करेंगे।

गुरुवार को दक्षिण दिनाजपुर जिला के बुनियादपुर सर्किट हाउस में एक बैठक करेंगे व गंगारामपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को सिलीगुड़ी के निकट उत्तरकन्या में फिर से आंतरिक बैठक करने के बाद कोलकाता के लिए रवाना हो जाएंगे।

## हर्षित हत्याकांड में दो युवक गिरफ्तार

सिलीगुड़ी, 4 जनवरी। नए साल पर अपनी महिला मित्र के साथ गजलडोबा घूमने घर से निकले सिलीगुड़ी के पांच नंबर वार्ड के निवासी हर्षित अग्रवाल की रास्ते में कथित तौर पर बदमाशों के हमले में मौत हो गयी थी। हर्षित के परिवारवालों की ओर से थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद जाँच में जलपाईगुड़ी थाने में आमबाड़ी आउटपोस्ट की पुलिस ने इस सिलसिले में लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया दोनों के नाम अन्यतम राय व संजीत राय है। दोनों का आज जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने बताया आरोपियों को हिरासत मिलकर पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि नए साल पर अपनी महिला मित्र के साथ गजलडोबा घूमने घर से निकले सिलीगुड़ी के पांच नंबर वार्ड के निवासी हर्षित अग्रवाल वापस घर लौट नहीं पाया। लौटने के समय आमबाड़ी-फालाकाटा चौकी के बनियापाड़ा इलाके में रेलवे ब्रिज के निकट कुछ बदमाशों ने कथित तौर पर उस पर हमला किया। बताया जाता है बदमाशों ने उनसे रूपये मांगें। हर्षित पैसे देने से इनकार किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान धारदार हथियारों से उस पर हमले किये गए। चीखपुकार सुनकर आस पास के लोग वहां पहुंचे, तब तक बदमाश वहां से भाग निकले।

## हावड़ा के वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक आनंद बर्धन का सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित



हावड़ा, 4 जनवरी। पूर्व रेलवे के हावड़ा स्टेशन पर केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद द्वारा श्री आनंद बर्धन (वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक - राजपत्रित) का सम्मान-सह-विदाई समारोह आज आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार राय (शाखा मंत्री, हावड़ा मंडल शाखा सह सदस्य - राष्ट्रीय कार्यसमिति नई दिल्ली) ने अंगवस्त्र तथा श्री कौसर रजा और श्री नईमुल्लाह अंसारी ने भागलपुर हैंडलूम का मशहूर चादर ओढ़ाकर श्री बर्धन का स्वागत किया।

श्री यमुना प्रसाद राय (संयोजक - भारतीय रेल-केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, नई दिल्ली) ने सम्मान-पत्र देकर श्री बर्धन को सम्मानित किया तथा राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार में उनके योगदान की चर्चा की। श्री बर्धन को श्री मनीष आनंद ने दो पौधों देकर पर्यावरण के जागरूकता का भी संदेश दिया गया।

श्री बिनोद कुमार राय ने उन्हें श्रीमद्भागवत गीता की प्रति भी भेंट की। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के अन्तर्गत हावड़ा के श्री रघुवंश कुमार (वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक-राजपत्रित), श्री प्रदीप रंजन (स्टेशन अधीक्षक), श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह (उप स्टेशन अधीक्षक), श्री कृष्णा भगत, श्री नित्यानंद दास, श्री धैर्य कांत झा सहित अन्य रेल कर्मी भी उपस्थित थे। श्री मनीष आनंद (शाखा प्रधान-हावड़ा मंडल शाखा सह सदस्य-राष्ट्रीय कार्यसमिति, नई दिल्ली) ने समापन भाषण दिया।

## लॉयन्स सफारी पार्क में पुनर्निर्माण की सराहना

कोलकाता, 4 जनवरी। लॉयन्स सफारी पार्क में हर्बल गार्डेन, वाटर कूलर सुविधा तथा योगा शेड के पुनर्निर्माण के अवसर पर उद्घाटनकर्ता लॉयन्स क्लब की डी जी लेखा शर्मा, एस बनर्जी तथा अतिथियों ने लॉयन्स क्लब ऑफ नार्थ कलकत्ता द्वारा संचालित सफारी पार्क के सौंदर्यीकरण के लिये लायन बंधुओं की सराहना की। लॉयन्स सफारी पार्क के चेयरमैन सुभाष मुरारका ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि स्वर्गीय देवी प्रसाद मस्करा की स्मृति में ओ पी मस्करा परिवार द्वारा हर्बल गार्डेन का निर्माण एवं लायन मोहन लाल अग्रवाल के सहयोग से वाटर कूलर सुविधा तथा श्याम सुन्दर डालमिया के सहयोग से योगा शेड का पुनर्निर्माण किया गया है।



क्लब के अध्यक्ष एस एस राजपूत एवं सचिव विनोद सुराणा ने कहा कि अम्फान तूफान के कारण पार्क को क्षति पहुँची लेकिन लायन बंधुओं ने कर्तव्यनिष्ठा से पार्क के सौंदर्यीकरण के लिये प्रयास किया। लायन लेखा शर्मा (डी जी) ने कहा कि लॉयन्स सफारी पार्क लायन बंधुओं के लिये प्राउड धरोहर है। लायन प्रवीण छारिया, अनिल मिण्डा, अशोक सिंह, रविन्द्र गुटगुटिया, अशोक मिण्डा, विनोद अग्रवाल, गौरीशंकर कोठारी एवं लायन बन्धु सक्रिय रहे।

## टीएमसीपी और एबीवीपी के सदस्यों के बीच झड़प



पूर्व मिदनापुर के बाजकुल कॉलेज में तृणमूल-भाजपा छात्र संगठन भिड़े।

कोलकाता 4 जनवरी। पूर्व मेदिनीपुर जिले में टीएमसीपी और एबीवीपी से जुड़े छात्रों के बीच सोमवार को झड़प के दौरान कई मोटरसाइकिलों में आग लगा दी गई और बम फेंके गए। बाजकुल कॉलेज के प्राधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज में झंडे और पोस्टर लगाए जाने को लेकर झड़प हुई। तृणमूल कांग्रेस पार्टी की छात्र शाखा तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के कई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के सामने सड़क बाधित कर दी और आरोप लगाया कि झड़प में उसके कई सदस्य घायल हो गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हालात अब काबू में हैं।

## सोनार बांग्ला बनाने के लिए केंद्र की तरह राज्य में भी भाजपा की सरकार जरूरी : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता, 4 जनवरी (हि.स.)। ममता का साथ छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व परिवहन मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने एक बार फिर दोहराया है कि बंगाल का समुचित विकास करने के लिए केंद्र की तरह राज्य में भी भाजपा की सरकार होनी चाहिए। सोमवार को वह मेदनीपुर के गढ़बेता में भाजपा के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां पास ही में फुलबेड़िया मोड़ के पास तृणमूल कांग्रेस की ओर से शहीद स्मरण सभा की गई थी जहां उंगली पर गिने हुए लोग आए थे, लेकिन आज इस मैदान में भाजपा की सभा में अनगिनत लोगों की भीड़ है।

राज्य के शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के निवर्तमान मेयर फिरहाद हकीम का नाम लिए बगैर उन्हें च्मिनी पाकिस्तान का मंत्रीज् करार दिया। दरअसल एक पाकिस्तानी चैनल को इंटरव्यू देते हुए फिरहाद ने कुछ सालों पहले कहा था कि कोलकाता के जिस क्षेत्र में वह बैठे हैं वह मिनी पाकिस्तान है। इसे लेकर उनकी खूब किरकिरी हुई थी।

जब अधिकारी ने भाजपा की सदस्यता ली तब उनके आवास के पास से तृणमूल कांग्रेस ने रैली निकाली थी और सभा की थी जिसकी जिम्मेवारी हकीम ने निभाई थी। इसे लेकर कटाक्ष करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कुछ दिन पहले नंदीग्राम में मिनी पाकिस्तान के मंत्री ने सभा की थी जहां केवल 1200 लोग आए थे जबकि भाजपा की सभा में अनगिनत संख्या में लोग थे। भाजपा और तृणमूल की सभा में होने वाली भीड़ का अंतर आसमान और जमीन का है। उन्होंने कहा कि अगर सोनार बांग्ला बनाना है तो केंद्र की तरह राज्य में भी भाजपा की सरकार बननी चाहिए तभी बंगाल से बेरोजगारी दूर होगी। रोजगार की परीक्षाएं समय पर होगी। आलू 40 रुपये किलो नहीं खरीदने पड़ेंगे। कृषि कानूनों को लेकर बंगाल सरकार पर तंज कसते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब यह कानून बना और इसका विरोध शुरू हुआ उसी समय बिहार में चुनाव हुआ है और वहां भाजपा की सरकार बनी है। इसके अलावा कई अन्य राज्यों में पंचायत चुनाव हुए हैं जहां भाजपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है।

## मालदा में भाजपा नेता पर फायरिंग

मालदा, 4 जनवरी। विधान सभा चुनाव से पूर्व पश्चिम बांग्ला में राजनीतिक हिंसा तेज होती जा रही है। इस बीच रविवार देर रात मालदा जिले के रतुआ में एक भाजपा नेता पर गोली चलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गोली उसके बाए हाथ में लगी है। फिलहात वे मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में चिकित्साधीन हैं। घटना के पीछे सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का हाथ होने का दावा किया जा रहा है।

रातुवा दो नंबर ब्लॉक के कुमारगंज के बरेल इलाके में कल रात इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव देखा जा रहा है। घायल भाजपा नेता का नाम सादेक अली (35 ) है। वे 18 नवंबर जिला परिषद के मंडल अध्यक्ष के दायित्व में हैं।

पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता सादेक अली कल शाम पार्टी के काम से सामसी आए थे. काम समाप्त करने के बाद कल रात गाड़ी से घर लौट रहे थे. कुमारगंज प्रवेश करने से पहले पुकुरिया इलाके में कुछ बदमाशों ने उनका रास्ता रोका और उनकी गाड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी। बताया जाता है कुल 5 राउंड गोलियां चलाई गई। गोली उनकी गाडी को चिड़ते हुए उसके बाएं हाथ में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और जख्मी हालत में उन्हें कुमारगंज अस्पताल ले गए, जहाँ उनकी तबीयत बि... पर उन्हें मालदा मेडिकल ... अस्पताल रेफर कर दिय...

### भाजपा कार्यकर्ता की हत्या का आरोप

राज्य में भाजपा के एक और कार्यकर्ता की हत्या का आरोप सामने आया है। मृतक की पहचान अमूल्य मंडल के तौर पर हुई है। वह मूल रूप से पूर्व मेदिनीपुर जिले के पटासपुर एक नंबर ब्लॉक के गोपालपुर छह नंबर अंचल अंतर्गत सलामाबाद गांव के रहने वाले थे। यहां बूथ नंबर 149 के सक्रिय सदस्य के तौर पर अमूल्य मंडल को जाना जाता था। उन्हें शनिवार को ही मौत के घाट उतार दिया गया था। रविवार सुबह भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में इस बारे में जानकारी दी गई है। भाजपा का आरोप है कि अमूल्य मंडल को सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने मारा है। उनकी गलती सिर्फ इतनी थी कि वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे। पुलिस पर मामले को दबाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इस मामले में तृणमूल कांग्रेस की प्रतिक्रिया अभी तक नहीं मिल सकी है।

## मालदा में अत्याधुनिक दो मस्कट गन बरामद

मालदा, 4 जनवरी। विधानसभा चुनाव से पूर्व पश्चिम बंगाल में एक के बाद एक हथियार बरामदगी का सिलसिला जारी है। जिले के कालियाचक थाने की पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर रविवार देर रात एक घर से अत्याधुनिक किस्म के दो मास्कट राइफल बरामद किया। हालाँकि पुलिस अभियान की भनक मिलते ही आरोपी दम्पति घर छोड़कर फरार हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार देर रात अभियान चलाकर एक घर में छापेमारी कर इन खतरनाक हथियारों को जप्त किया गया। पुलिस ने बताया कि मंटू शेख व सन्तु शेख दोनों भाई आस पास रहते हैं। मंटू पास ही अपनी बहन के घर में रहता है। कल रात खुफ़िया जानकारी के आधार पर पुलिस ने मंटू की बहन के घर में अभियान चलाकर दो अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिंटू शेख की पत्नी सुकरी बीवी सूजापुर ग्राम पंचायत की सदस्य है, हालांकि इस घटना के बाद आरोपी मंटू शेख परिवारवालों के साथ फरार है। पुलिस जांच की जाँच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कालियाचक थाने के गोलापगंज इलाके में काफी मात्रा में ताजा बम बरामद किए गए थे।

दूसरी ओर हालही में चांचल थाने के जलालपुर इलाके में बम विस्फोट की घटना में एक महिला घायल हो गई थी। उसी दिन पुलिस ने तलही अभियान चलाकर ताफिजुद्दीन के घर से सात जोड़ा ताजा बम बरामद किया था। इसके बाद आज सूजापुर इलाके से दो मास्कट बरामद किए गए। दूसरी ओर इस घटना के बाद राजनीति तेज हो गई है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अजय गांगुली ने बताया कि के पार्टी के राज्य नेतृत्व बार-बार इस बात का आरोप लगा रहे हैं कि पश्चिम बंगाल बारूद के ढेर पर खड़ा है।

इस तरह एक के बाद एक हथियार बरामदगी व बम विस्फोट की घटना से यह बात स्पष्ट होता दिख रहा है। उन्होंने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस समर्थित बदमाशों पर हथियारों का जखीरा एकत्रित करने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा के इस आरोप को तृणमूल कांग्रेस ने सिरे से खारिज कर दिया है।

तृणमूल के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बबला सरकार ने कहा पुलिस अभियान चलाकर अवैध रूप से इकट्ठा किए गए हथियार जब्त कर रही है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा भाजपा नेता राज्य में अशांति फैलाने के लिए हथियार जमा कर रही है।

## बंगाल बचाओ आंदोलन करेगा विद्यार्थी परिषद

कोलकाता, 4 जनवरी (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबंधित छात्र संघ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में बंगाल बचाओ आंदोलन करने का निर्णय लिया है। मूल रूप से पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन होगा। इनमें से पहली मांग है सुरक्षित नारी सुरक्षित बंगाल। दूसरी मांग भिक्षा नहीं शिक्षा चाहिए, रोजगार के मौके चाहिए। तीसरी मांग है हिंसा नहीं शांति चाहिए लोकतांत्रिक अधिकार चाहिए। चौथी मांग है बिना देरी किए मुस्लिम तुष्टिकरण बंद हो करना होगा और पांचवी तथा आखरी मांग है शैक्षणिक इंफ्रास्ट्रक्चर में विकास और रोजगार केंद्रित शिक्षा की शुरुआत करनी होगी। एबीवीपी की राष्ट्रीय महासचिव निधि त्रिपाठी ने सोमवार को कोलकाता प्रेस क्लब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्मम ममता के खिलाफ युवा छात्रों की हुंकार है। बंगाल को बचाने के के लिए हम मैदान में उतरेंगे।

निधि के साथ इस कार्यक्रम में एबीवीपी के राष्ट्रीय सचिव सप्तर्षी सरकार, राज्य सचिव (दक्षिण बंगाल) सुरंजन सरकार समेत कई अन्य मौजूद थे। इसमें बताया गया है कि बुधवार से पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में जिलाधिकारियों को इन पांच मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया जाएगा।

## परमहंस योगानंद का जन्म दिन आज

कोलकाता, 4 जनवरी। विश्व विख्यात पुस्तक योगी कथामृत के लेखक परमहंस योगानंद का जन्म दिन कल है। आज से सौ साल पहले सन 1920 में परमहंस जी ने अमेरिका के अपने शिष्यों और छात्रों को क्रिया योग के प्रशिक्षण की जो शुरुआत की वह आज पूरी दुनिया में फैल चुका है। इसके पहले वे भारत में अपना प्रशिक्षण प्रारंभ कर चुके थे। परमहंस योगानंद का जन्म पांच जनवरी 1893 को गोरखपुर में बंगाली परिवार हुआ था। बचपन का नाम मुकुंद घोष था।

भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी की स्थापना वे सन 1917 में ही कर चुके थे। सन् 1920 में उन्हें रांची आश्रम में ध्यान के दौरान उन्होंने अमेरिकी लोगों को देखा। उसके कुछ ही दिन बाद उन्हें अमेरिका के धार्मिक उदारवादियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया गया। वे गुरु के पास आज्ञा लेने गए तो गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने उन्हें कहा- सभी दरवाजे तुम्हारे लिए खुले हैं। अभी नहीं गए तो कभी नहीं जा सकोगे। इसके बाद महावतार बाबा जी ने उन्हें अमेरिका जाने के लिए आशीर्वाद दिया और कहा- तुम ही वह हो जिसे मैंने पाश्चात्य जगत में क्रियायोग के प्रसार करने के लिए चुना है। बहुत वर्ष पहले (सन 1894) मैं तुम्हारे गुरु युक्तेश्वर से एक कुंभ मेले में मिला था और तभी मैंने उनसे कह दिया था कि मैं तुम्हें उनके पास शिक्षा ग्रहण के लिए भेज दूंगा।

## गंगासागर मेले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

कोलकाता, 4 जनवरी (हि.स.)। महामारी कोरोना वैसे तो खात्मे की ओर बढ़ चला है लेकिन इसका नया स्ट्रेन और अधिक तेजी से फैल रहा है। इस बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने ऐतिहासिक गंगासागर मेले के आयोजन की अनुमति दी है। इसकी सारी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। राज्य सरकार ने एहतियात बरतते हुए पुण्यस्नान की व्यवस्थाएं जरूर की है लेकिन अब इस मेले के आयोजन पर ही रोक लगाने की याचिका हाईकोर्ट में लगी है। अजय कुमार दे नाम के एक व्यक्ति ने यह याचिका लगाई है। हाई कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश की खंडपीठ में इसकी सुनवाई होगी।

अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि गंगासागर मेले में देशभर से लाखों लोगों की भीड़ होती है और इस बार भी होगी। इसके अलावा कोलकाता के बाबू घाट में भी लाखों की संख्या में लोग देश दुनिया से पहुंचते हैं। इससे संक्रमण के फैलने का खतरा बना रहेगा। जिस तरह से हाईकोर्ट ने दुर्गा पूजा के सभी पंडालों को नो एंट्री जोन घोषित कर दिया था उसी के मुताबिक गंगासागर मेले को भी नो एंट्री जोन के तौर पर घोषित करने की मांग की गई है।

दरअसल भागीरथ की तपस्या की वजह से मां गंगा स्वर्ग से धरती पर उतरी थी और मकर संक्रांति के दिन गंगा सागर के तट पर सगर के पुत्रों का उद्धार किया था जो ॠषि के श्राप झेल रहे थे। उसके बाद से हर साल उसी सक्रांति पर शुभ घड़ी में गंगासागर स्नान होता है जिसमें देश दुनिया से लाखों लोग पहुंचते हैं।

## कलिम्पोंग में नए साल की भीड़ से दबकर दो की मौत

कलिम्पोंग, 4 जनवरी। नए साल के अवसर पर जश्न के दौरान कालिमपोंग के मेला ग्राउंड में मची भगदड़ में भीड़ के नीचे दब कर दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार रात इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार कालिमपोंग के मेला ग्राउंड में नए साल के अवसर पर नेपाल के म्याड डग नामक एक संस्था के तत्वधान में जश्न का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में लोगों की काफी भीड़ थी। लोग मस्ती में झूम रहे थे। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने के बनाये गए गेट में अचानक लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

इस दौरान मची भगदड़ में भीड़ से दबकर दो लोगों की मौत हो गई. इस हादसे में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस सूत्रों के अनुसार मरने वाले दोनों कालिमपोंग के हिल टॉप के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल मिक्सन तमांग एवं अनीता सुब्बा को सिलीगुड़ी रेफेर कर दिया गया है जबकि प्रतीक्षा छेत्री, अ... परिमा राय कलिम्पोंग जि... में चिकित्साधीन हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला वृद्ध

कोलकाता, 4 जनवरी (हि.स.)। पाटुली थाना अंतर्गत वेलैंड गाउल्डस्मिथ स्कूल के सामने एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थिति में शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। अनुमानित आयु 60 साल है। एसएसडी डिवीजन के उपायुक्त आईपीएस रशीद मुनीर खान ने सोमवार दोपहर इस बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सुबह करीब नौ बजे स्थानीय लोगों ने पुलिस थाने में फोन कर अचेत हालत में एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना दी थी जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उसे उठाकर बाघाजतिन स्टेट जेनरल अस्पताल में भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि वह भिखारी है और खाना नहीं मिलने की वजह से मौत हुई होगी।

## तेज रफ्तार कार बिजली के खम्भे से टकराई, दो घायल

सिलीगुड़ी, 4 जानवरी। सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस के भक्तिनगर थाना अन्तर्गत उत्तर बंगाल रेंज के राज्य पुलिस के आईजी कार्यालय के सामने 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार देर रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क किनारे बिजली के खम्भे से जा टकरायी। इस हादसे में गाड़ी में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए. घायलों को नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया है। चेकपोस्ट इलाके के एक होटल से दो लोग सवार होकर चंपासारी की ओर जा रहे थे। आईजी कार्यालय के सामनेअचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे को जोरदार धक्का मारी। इस हादसे में गाडी में सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनके नाम प्रदीप थारानी एंव सुदीप झावा बताये जा रहे हैं। इनमें एक सिक्किम के रहने वाले बताए जा रहे हैं। भक्तिनगर थाना सूत्रों के अनुसार कल रात करीब 11. 30 बजे यह हादसा हुआ। घटना की खबर मिलते ही भक्तिनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को गंभीर हालत में गाड़ी से बाहर निकालकर स्थानीय एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

## दपूरे की माल ढुलाई में वृद्धि

कोलकाता, 3 जनवरी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने दिसंबर 2020 में माल ढुलाई से 14.06% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1440.36 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न किया है। दिसंबर 2019 में दपूरे ने 1262.85 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त किया था।

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न व्यवधान के कारण पिछले कई महीनों में अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण संकुचन के बावजूद यह वृद्धि हुई है। दिसंबर 2020 में दपूरे ने 16.63 मिलियन टन माल ढुलाई की जबकि दिसंबर 2019 में 15.49 मिलियन टन लोड किया। इस तरह गत वर्ष दिसंबर माह में दपूरे ने माल ढुलाई में 7.36% की वृद्धि दर्ज की। यह आंकड़ा दिसंबर 2020 के महीने के लिए निर्धारित 15.59 मिलियन टन माल लदान के लक्ष्य को पार कर जाता है एवं लक्ष्य से 1.04 मिलियन टन अधिक है।

**Tender**

Sealed Tenders are Invited By The E. O, Tehatta - I Panchayat Samity, Tehatta, Nadia. N.I.T No – 04/PS/ ENGG. For nos of various schemes. Last Date Of application 09.01.2021 up to 11am. For details please contact to the Office.

**Sd/- Executive Officer, Tehatta - I Panchayat Samity.**

